**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**संजय/11.00 बजे**

**प्रधानमंत्री–विनोबा भावे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री न विनोबा भावे को भारत के आध्यात्मिक, सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में महान योगदान के लिए याद किया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि विनोबा भावे देश के सबसे सम्मानित आध्यात्मिक नेता, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने तीन दिवसीय दिल्ली दौरे के दौरान विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया से मिलेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठा कर वित्तीय मदद का आग्रह करेंगे। अधिक जानकारी के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता

प्रेनो/पीटीसी/योगराज

**जगत सिंह नेगी**

जनजातीय जिला किन्नौर के निगुलसरी में अवरुद्ध राष्ट्रीय उच्च मार्ग–05 को खोलने का कार्य कल बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्वाइंट के दोनों ओर से लगभग 500 वाहनों को सुरक्षित निकाल कर यातायात बहाल किया गया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान और बागवान हितैषी सरकार है और बागवानों की नकदी फसल को समय पर मंडियों तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सुमेश नेगी/किन्नौर

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ हिस्सो ं में वर्षा का क्रम जारी है। 12 सितंबर तक प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी जबकि 13 सितम्बर से पांच जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अब तक प्रदेश में भारी वर्षा के कारण हुए भू–स्खलन से चार राष्ट्रीय उच्च मार्गों के अलावा 5 सौ 82 अन्य सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसी प्रकार 5 सौ 71 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 78 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। राज्य में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में इस मॉनसून सीजन में 3 सौ 80 लोगों की मौत हुई है जबकि 40 लोग लापता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने 13 से 15 सितम्बर तक पांच जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है।

डेस्क/पीटीसी योगराज

**आदेश**

सिरमौर की उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रियंका वर्मा ने जिला में आपदा न्यूनीकरण, आपदा प्रभावित बुनियादी ढ़ांचे की बहाली और पेयजल, बिजली आपूर्ति तथा आपातकालीन सेवाओं जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपयोगिताओं से संबंधित कार्यों को छोड़कर किसी भी प्रकार के निजी विकास और निर्माण गतिविधियों के लिए पहाड़ियों के कटान पर 30 सितंबर, तक पूरे जिला में प्रतिबंध के आदेश जारी किए हैं। आदेशों में बताया गया है कि हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण सिरमौर जिला के विभिन्न भागों में भूस्खलन और भूमि कटाव जैसी व्यापक आपदाएं आई हैं, जिसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है।

प्रेनो

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर तीन बजे। नमस्कार......